भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय
उच्चतर शिक्षा विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या-2674
उत्तर देने की तारीख-09/03/2026

बिहार में उच्च शिक्षा संस्थानों की स्थापना

†2674. **डॉ. मोहम्मद जावेद:**

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) पिछले दस वर्षों के दौरान बिहार राज्य में स्थापित उच्च शिक्षा संस्थानों की संख्या का ब्यौरा क्या है;
(ख) उक्त अवधि के दौरान स्थापित विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों और अन्य उच्च शिक्षा संस्थानों सहित ऐसे संस्थानों का वर्ष और जिला-वार ब्यौरा क्या है;
(ग) उक्त राज्य के विभिन्न जिलों में उच्च शिक्षा संस्थान स्थापित करने के लिए सरकार द्वारा अपनाए गए मानदंड और नीतिगत ढांचा क्या है;
(घ) बिहार के विभिन्न जिलों में उच्च शिक्षा संस्थानों का समान क्षेत्रीय वितरण सुनिश्चित करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं; और
(ङ) क्या सरकार का बिहार के अल्पसेवित जिलों में नए उच्च शिक्षा संस्थान स्थापित करने का प्रस्ताव है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री
(डॉ. सुकान्त मजूमदार)

(क) से (ङ): वर्ष 2014 से पहले, बिहार में कुल 03 केंद्रीय वित्त पोषित संस्थान जिनमें 1- आईआईटी (आईआईटी पटना), 1- एनआईटी (एनआईटी पटना) और 1-केंद्रीय विश्वविद्यालय (दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय, गया) शामिल थे। वर्ष 2014 के बाद, बिहार में तीन नए केंद्रीय वित्त पोषित संस्थान नामत: आईआईएम बोधगया, महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय मोतिहारी, आईआईआईटी (पीपीपी) भागलपुर क्रमशः वर्ष 2015, 2016 और 2017 में स्थापित किए गए हैं। वर्तमान में बिहार राज्य में 06 केन्द्रीय वित्त पोषित संस्थाएं कार्यात्मक हैं। केन्द्रीय उच्चतर शिक्षा संस्थानों/विश्वविद्यालयों की परिकल्पना इस क्षेत्र की अन्य संस्थाओं को शैक्षिक नेतृत्व प्रदान करने के लिए आदर्श संस्थाओं के रूप में की गई है।

उच्चतर शिक्षा संस्थाओं की स्थापना एक सतत् प्रक्रिया है। जरूरत के आधार पर समय-समय पर शिक्षण संस्थान खोले जाते हैं। शिक्षा समवर्ती सूची का विषय होने के कारण, एनईपी 2020 के कार्यान्वयन के लिए कार्रवाई करना केंद्र के साथ-साथ राज्य सरकार की संयुक्त जिम्मेदारी है। सरकार सभी को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। उच्चतर शिक्षा से संबंधित आंकड़ों का ब्यौरा वार्षिक उच्चतर शिक्षा सर्वेक्षण (एआईएसएचई) रिपोर्टों में उपलब्ध है जो लिंक https://www.education.gov.in/en/statistics-new?shs_term_node_tid_depth=384 पर उपलब्ध हैं।

***